# <u>विश्वविद्यालय के कुलपति द्वारा डीएआरई के सचिव एवं आईसीएआर के महानिदेशक से की भेंट</u>

पंतनगर। 23 अप्रैल 2025। विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान ने आज नई दिल्ली में कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग (डीएआरई) के सचिव तथा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के महानिदेशक डा. एम.एल. जाट से भेंट की। इस अवसर पर कुलपति ने डा. मांगी लाल जाट को देश की कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा व्यवस्था के शीर्ष पद का कार्यभार ग्रहण करने पर हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी। भेंटवार्ता के दौरान कुलपति ने विश्वविद्यालय से संबंधित अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजनाओं (AICRP) तथा कृषि विज्ञान केंद्रों (KVK) से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। डा. जाट ने विश्वविद्यालय द्वारा कृषि क्षेत्र में किए जा रहे योगदान की सराहना की तथा आईसीएआर की ओर से विश्वविद्यालय को अनुसंधान, विस्तार एवं शैक्षणिक गतिविधियों को और अधिक सुदृढ़ करने हेतु पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। कुलपति ने डा. जाट को विश्वविद्यालय भ्रमण हेतु आमंत्रित भी किया, जिसे उन्होंने सहर्ष स्वीकार किया। यह भेंटवार्ता भारतीय कृषि के हित में विश्वविद्यालय और आईसीएआर के बीच सहयोग को और अधिक प्रगाढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध होगी।